चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद
Established by the State Legislature Act 28 of 2014
recognized by UGC Act 1956 U/S 12 B & 2(f)

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik bhaskar** **Date: 03-08-2023**

जींद भास्कर 03-08-2023

# अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में पेपर प्रजेंट करने के लिए ममता ढांडा को सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ

जींद | चौ. रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. ममता ढांडा को ग्लोबल ट्रेंड्स इन इंग्लिश लैंग्वेज लिटरेचर एंड लिंग्विस्टिक के टॉपिक पर अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में पेपर प्रजेंट करने के लिए सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ है। यह कॉन्फ्रेंस विश्वविद्यालय अल्जीरिया में 29 व 30 जुलाई को ऑनलाइन माध्यम से आयोजित की गई थी। उन्होंने बताया कि ने इस कॉन्फ्रेंस में लिंग पहचान और समाज की खोज चिम्मांडा नगोजी, अधीची और सलमान रुश्दी का एक तुलनात्मक अध्ययन विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। कुलपति डॉ. रणपाल सिंह ने डॉ. ममता ढांडा को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस तरह विश्वविद्यालय के अन्य प्राध्यापकों को भी ऐसे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लेना चाहिए। अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. देवेंदर सिंह ने डॉ. ममता ढांडा को इस उपलब्धि पर बधाई दी।



सहायक प्राध्यापिका डॉ. ममता ढांडा को सर्टिफिकेट देते कुलपति डॉ. रणपाल सिंह।

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद
Established by the State Legislature Act 28 of 2014
recognized by UGC Act 1956 U/S 12 B & 2(f)

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik jagran** **Date: 03-08-2023**

# डा. ममता ढांडा को अंतरराष्ट्रीय कान्फ्रेंस में भाग लेने पर प्रमाण पत्र

जींद, विज्ञप्ति : सीआरएसयू के अंग्रेजी विभाग की सहायक प्राध्यापिका डा. ममता ढांडा को ग्लोबल ट्रेंड इन इंग्लिश लैंग्वेज लिटरेचर एंड लिंग्विस्टिक के टापिक पर अंतरराष्ट्रीय कान्फ्रेंस में भाग लेने पर प्रमाण पत्र मिला है। यह कान्फ्रेंस मिला विश्वविद्यालय अल्जीरिया में 29 व 30 जुलाई को आनलाइन माध्यम से आयोजित की गई थी। डा. ममता ढांडा ने इस कान्फ्रेंस में शोध पत्र प्रस्तुत किया।

कुलपति डा. रणपाल सिंह ने डा. ममता ढांडा को बधाई दी और कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए बहुत ही हर्ष का विषय है। अंग्रेजी विभाग दिन-प्रतिदिन नई ऊंचाइयां हासिल कर रहा है। अंग्रेजी विभाग की सहायक प्राध्यापिका डा. ममता ढांडा ने अंतरराष्ट्रीय कान्फ्रेंस में शोध प्रस्तुत करके विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। विवि के अन्य प्राध्यापकों को भी ऐसे सम्मेलनों में भाग लेना चाहिए। अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. देवेंद्र सिंह ने डा. ममता ढांडा को बधाई दी।



प्राध्यापिका डा. ममता ढांडा को सम्मानित करते हुए कुलपति डा. रणपाल सिंह। ● विज्ञप्ति

उन्होंने कहा कि प्राध्यापिका की इस उपलब्धि से विभाग के विद्यार्थियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा, जो अंग्रेजी विभाग के लिए ही नहीं बल्कि पूरे विश्वविद्यालय के लिए सकारात्मक पहलू होगा।

## खाली सीटों के लिए फिजिकल काउंसलिंग चार अगस्त को

जींद, विज्ञप्ति : सीआरएसयू द्वारा यूजी और पीजी कोर्स के लिए चार अगस्त को फिजिकल काउंसलिंग की जाएगी, जिसमें उन विद्यार्थियों को शामिल किया जाएगा, जिसने पहले से ही आनलाइन एडमिशन फार्म भरे हुए हैं तथा जिन विभागों में सीटें बढ़ाई गई हैं या बची हुई हैं। कुलपति डा. रणपाल सिंह ने बताया कि विद्यार्थी विवि में आकर संबंधित विभाग में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाकर बची हुई सीटों पर प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि एमबीए में 70 से बढ़ाकर 110 सीट कर दी गई है। बीबीए में 60 से बढ़ाकर 70 सीट, बीसीए में 30 से बढ़ाकर 60, एमकाम में 70 से बढ़ाकर 100, ज्योग्राफी में 70 से बढ़ाकर 100, एमए म्यूजिक वोकल में 20 से बढ़ाकर 30, एमए योग विज्ञान विभाग में 50 से बढ़ाकर 60 व बैचलर इन लाइब्रेरी एंड इंफार्मेशन साइंस विभाग में 30 से बढ़ाकर 40 सीट कर दी गई हैं।

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद
Established by the State Legislature Act 28 of 2014
recognized by UGC Act 1956 U/S 12 B & 2(f)

**Public Relations Office**

**Newspaper: Hari bhoomi** **Date: 03-08-2023**

# सहायक प्राध्यापिका ममता को पेपर प्रजेंट करने के लिए मिला सर्टिफिकेट

- अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में लिंग पहचान और समाज की खोज विषय पर प्रस्तुत किया शोध पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की सहायक प्राध्यापिका डा. ममता ढांडा को ग्लोबल ट्रेंड इन इंग्लिश लैंग्वेज लिटरेचर एंड लिंग्विस्टिक के विषय पर अंतरराष्ट्रीय कान्फ्रेंस में पेपर प्रजेंट करने के लिए सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ है। जोकि विवि के लिए हर्ष का विषय है। यह कान्फ्रेंस मिला विश्वविद्यालय अल्जीरिया में 29 व 30 जुलाई को ऑनलाइन माध्यम से आयोजित की गई थी। डा. ममता ढांडा ने इस कान्फ्रेंस में लिंग, पहचान और समाज की खोज चिम्मांडा नगोजी अधीची और सलमान रुश्दी का एक तुलनात्मक अध्ययन विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। विश्वविद्यालय कुलपति डा. रणपाल सिंह ने डा. ममता ढांडा को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए बहुत ही हर्ष का विषय है। अंग्रेजी विभाग दिन प्रतिदिन नई ऊंचाइयां हासिल कर रहा है। अंग्रेजी विभाग की सहायक प्राध्यापिका डा. ममता ढांडा ने अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में शोध प्रस्तुत करके विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। इसी तरह विश्वविद्यालय के अन्य प्राध्यापकों को भी ऐसे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लेना चाहिए और विश्वविद्यालय का नाम रोशन करना चाहिए।



जींद। डा. ममता ढांडा को सम्मानित करते वीसी डा. रणपाल सिंह।

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद

Established by the State Legislature Act 28 of 2014
recognized by UGC Act 1956 U/S 12 B & 2(f)


**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 03-08-2023**

# सहायक प्राध्यापिका को मिला प्रमाण पत्र

## अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में लिंग, पहचान और समाज की खोज विषय पर प्रस्तुत किया शोध पत्र

संवाद न्यूज एजेंसी

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. ममता ढांडा को ग्लोबल ट्रेंड इन इंग्लिश लैंग्वेज लिटरेचर एंड लिंग्विस्टिक के विषय पर अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में पेपर प्रेजेंट करने के लिए प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है, जोकि विश्वविद्यालय के लिए बहुत ही हर्ष का विषय है।

यह कॉन्फ्रेंस मिला विश्वविद्यालय अल्जीरिया में 29 व 30 जुलाई को ऑनलाइन माध्यम से आयोजित की गई थी। डॉ. ममता ढांडा ने इस कॉन्फ्रेंस में लिंग, पहचान और समाज की खोज चिम्मांडा नगोजी अधीची और सलमान रुश्दी का एक तुलनात्मक अध्ययन विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. रणपाल सिंह ने डॉ. ममता ढांडा को बधाई दी। अंग्रेजी विभाग दिन प्रतिदिन नई ऊंचाई हासिल कर रहा है। अंग्रेजी विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. ममता ढांडा ने अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में शोध प्रस्तुत करके विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है।



डॉ. ममता ढांडा को सम्मानित करते वीसी डॉ. रणपाल सिंह। संवाद

इसी तरह विश्वविद्यालय के अन्य प्राध्यापकों को भी ऐसे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लेना चाहिए और विश्वविद्यालय का नाम रोशन करना चाहिए। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. देवेंदर सिंह ने डॉ. ममता ढांडा को इस उपलब्धि पर बधाई दी। उनकी इस उपलब्धि से विभाग के बच्चों को भी मोटिवेशन मिलेगा, जो कि अंग्रेजी विभाग के लिए ही नहीं बल्कि पूरे विश्वविद्यालय के लिए सकारात्मक पहलू होगा।

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद
Established by the State Legislature Act 28 of 2014
recognized by UGC Act 1956 U/S 12 B & 2(f)

**Public Relations Office**

**Newspaper: India Timer** **Date: 03-08-2023**

# ममता ढांडा ने सीआरएसयू का बढ़ाया गुमान

## अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस में मिली खास उपलब्धि ने नाम रोशन किया : वीसी



**जींद,ब्यूरो(इंडिया टाइमर):** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के अंग्रेजी विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ ममता ढांडा को ग्लोबल ट्रेंड इन इंग्लिश लैंग्वेज लिटरेचर एंड लिंग्विस्टिक के टॉपिक पर अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस में पेपर प्रस्तुत करने के लिए सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ है, जोकि विश्वविद्यालय के लिए गर्व और गुमान की बात है। यह कॉन्फ्रेंस अल्जीरिया में 29 से 30 जुलाई को ऑनलाइन माध्यम से आयोजित की गई थी। डॉ. ममता ढांडा ने इस कॉन्फ्रेंस में विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. रणपाल सिंह ने डॉ. ममता ढांडा को बधाई देते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए बहुत ही गर्व की बात है। अंग्रेजी विभाग दिन-प्रतिदिन नई ऊंचाईयाँ हासिल कर रहा है। अंग्रेजी विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. ममता ढांडा ने अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस में शोध प्रस्तुत करके विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। इसी तरह विश्वविद्यालय के अन्य प्राध्यापकों को भी ऐसे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लेना चाहिए और विश्वविद्यालय का नाम रोशन करना चाहिए। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. देवेंदर सिंह ने डॉ. ममता ढांडा को इस उपलब्धि पर बधाई दी। उनकी इस उपलब्धि से विभाग के बच्चों को भी मोटिवेशन मिलेगा, जो कि अंग्रेजी विभाग के लिए ही नहीं बल्कि पूरे विश्वविद्यालय के लिए सकारात्मक पहलू होगा।